# आकासा एयरलाइंस को उड़ान की मंजूरी मिली

नई दिल्ली | एजेंसी

देश के दिग्गज निवेशक राकेश झुनझुनवाला की आकासा एयरलाइंस को नागरिक उड्डयन मंत्रालय से एनओसी मिल गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, एसएनवी एविएशन प्राइवेट लि. ब्रांड से आकासा एयर के तहत उड़ान भरेगा। जेट एयरवेज के पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी विनय दूबे इसके सीईओ होंगे। अगले साल की गर्मियों से इसकी उड़ानें शुरू होने की उम्मीद है। कम लागत वाली एयरलाइन अब अपने एयर ऑपरेटर के परमिट के लिए विमानन नियामक नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) से संपर्क करेगी।

कंपनी के सीईओ दुबे ने कहा कि हम नागरिक उड्डयन मंत्रालय को उनके समर्थन और एनओसी देने के लिए आभारी हैं। हम आकासा एयर को सफलतापूर्वक शुरू करने के लिए जरूरी सभी अतिरिक्त अनुपालनों पर नियामक के साथ काम करना जारी रखेंगे। झुनझुनवाला 3.5 करोड़ डॉलर निवेश करने पर विचार कर रहे हैं। झुनझुनवाला और दुबे के साथ इंडिगो के पूर्व अध्यक्ष, आदित्य घोष अकासा के सह-संस्थापक होंगे।



## एयर इंडिया की बिक्री के लिए आशय पत्र जारी

सरकार ने घाटे में चल रही एयर इंडिया में अपनी 100 प्रतिशत हिस्सेदारी टाटा समूह को 18,000 करोड़ रुपये में बेचने की पुष्टि को लेकर सोमवार को आशय पत्र जारी किया। उल्लेखनीय है कि सरकार ने पिछले हफ्ते टाटा समूह की स्वामित्त्व वाली कंपनी टैलेस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 2,700 करोड़ रुपये नकद भुगतान करने और एयरलाइन के ऊपर कर्ज में से 15,300 करोड़ रुपये की जिम्मेदारी लेने के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया। अब टाटा को एक आशय पत्र जारी किया गया है जिसमें सरकार की एयरलाइन में अपनी 100% हिस्सेदारी बेचने की इच्छा की पुष्टि की गई है।